मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **11.02.2020**

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या- 164/2020

11 फरवरी 2020

- मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय परिसर में औषधीय पादप उद्यान का उद्घाटन किया
- पूरे राज्य में औषधीय पौधे के रोपण को बढ़ावा दिया जाएगा
- प्रकृति ने हमें अनेकों औषधीय पेड़ पौधे उपहार स्वरूप दिए हैं- हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

झारखंड मंत्रालय, रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि प्रकृति के अंदर अनेकों ऐसी चीजें हैं जो मनुष्य जीवन के लिए काफी उपयोगी हैं। विभिन्न प्रकार के औषधीय पेड़ पौधों में रोग निवारण शक्तियां निहित हैं। आने वाले समय में इस प्रकार की औषधीय उद्यान राज्य में और विकसित हो हमारी सरकार इस पर कार्य करेगी। पूरे राज्य में औषधीय पौधे के रोपण को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हर्बल के क्षेत्र में देश और दुनिया का तेजी से कदम बढ़ा है। राज्य सरकार हर्बल आधारित उद्योग को बढ़ावा देगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय परिसर में औषधीय पादप उद्यान के उद्घाटन करने के पश्चात कहीं।

इस अवसर पर विधायिका सुश्री अंबा प्रसाद, मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी, वन विभाग के आला अधिकारी सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

###

================

#TeamPRD(CMO)